

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

यूं ही नहीं मिलती मंजिलें एक जुनून सा दिल में जगाना होता है पूछा चिड़िया से कैसे बनाया आशियाना बोली भरनी पड़ती है उड़ान बार–बार तिनका तिनका उठाना होता है


सोमवार 23 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 80 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## पटना में 'बिहार स्पोर्ट्स कॉनक्लेव 2026' का आयोजन, खेल विकास को लेकर हुआ मंथन

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** राजधानी के ताज सिटी सेंटर में रविवार को 'बिहार स्पोर्ट्स कॉनक्लेव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं स्पोर्ट्स स्टार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद बिहार के खिलाड़ियों की उपलब्धियों एवं खेल क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर आधारित एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का पारंपरिक अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार प्रतिभाओं की भूमि है और यहां खेलों के प्रति गहरा उत्साह है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के माध्यम से गांव–गांव में खेल मैदान बनाने की योजना को केंद्र सरकार ने भी अपनाया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही स्पोर्ट्स साइंस की जानकारी दी जानी चाहिए तथा 'खेलो इंडिया' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में मजबूत खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है। बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में खेलों के विकास के लिए आधारभ- ूत संरचना और प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि यदि भारत को 2036 ओलं. पिक की मेजबानी मिलती है, तो इसके कुछ इवेंट बिहार में भी आयोजित किए जाएं। साथ ही कॉमनवेल्थ गेम्स के कुछ खेलों का आयोजन भी राज्य में हो। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि बिहार इतिहास रचने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि अब राज्य को उन खेलों पर विशेष ध्यान देना होगा, जिनमें पदक जीतने की अधिक संभावनाएं हैं। कॉनक्लेव में प्राप्त सुझावों को आगामी चिंतन शिविर में रखा जाएगा। कॉनक्लेव के दौरान दिनभर विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें वैश्विक खेल निर्माण में भारत की भूमिका, मेगा स्पोर्टिंग इवेंट्स की विरासत, खेल और शिक्षा का संतुलन, ओलंपिक में भारत की भागीदारी तथा खेल प्रशासन से जुड़े मुद्दे शामिल रहे।




इस कार्यक्रम में देशभर से आए कई वरिष्ठ अधिकारी, खेल विशेषज्ञ और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें महेंद्र कुमार, जे. मेघनाथ रेड्डी, दीप्ति बोपैया, जॉयदीप करमाकर, डोला बनर्जी, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद, अदिले सुमरिवाला, कल्याण चौबे सहित अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। कुल मिलाकर 'बिहार स्पोर्ट्स कॉनक्लेव 2026' राज्य में खेलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस आयोजन के माध्यम से बिहार ने खेलों को बढ़ावा देने और भविष्य की रणनीति तैयार करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है।






## उन्नत बिहार विकसीत बिहार थीम पर मनाया गया बिहार दिवस बिहार दिवस पर छात्रों ने बिखेरा जलवा, प्रस्तुति से मन मोहा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजग. ीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** उन्नत बिहार विकसीत बिहार के थीम पर रविवार को आरडीएच हा. ईस्कूल में बिहार दिवस मनाया गया। यह 24 मार्च तक चलेगा। इसका उद्घाटन कार्यपालक दंडाधिकारी सुभद्रा कुमारी, सी. डीपीओ रोहित कुमार, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी अपराजिता कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोनालिका सिन्हा व आरडीएच हाईस्कूल की प्रभारी प्राचार्य इंदु सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यपालक दंडाधिकारी ने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है। सीडीपीओ ने कहा कि बिहार दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होना अच्छी बात है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।आरडीएच की छात्रा श्वेता कुमारी ने पूजा की थाली की शानदार प्रस्तुति दी। मध्य विद्यालय राजगीर बाजार के छात्राओं ने ऐसन आपन है बिहार गाने पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय छात्राओं ने कई गीतों पर अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों को अपने ओर आकर्षित किया। आदर्श मध्य विद्यालय छात्राओं ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोहा। इस मौके पर शिक्षक गिरजानंदन पांडेय, दीपक कुमार, मनोज कुमार, परमानंद प्रभाकर, कंचन कुमारी, बेबी कुमारी, शिशुपाल उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।






## बिहार दिवस पर नालंदा में ऐतिहासिक आयोजन, लाखों की सहायता और सम्मान से गूंजा नगर भवन

### 19 लोगों को 1–1 लाख, दिव्यांगों को मिली ट्राई साइकिल, डीएम से सांसद तक एक मंच पर, बिहार दिवस पर नालंदा बना विकास का मॉडल

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)** नालंदा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में आज बिहार दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहार शरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार, महापौर अनीता देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरशद अजीज, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूरा परिसर शबिहार दिवसश के उल्लास से सराबोर रहा। संबा. `धन के दौरान जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बिहार के स्वर्णिम इतिहास और सांस्कृतिक गौरव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस हमें अपनी विरासत को याद करने के साथ–साथ राज्य की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जिले के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया, जिसका अधिकारियों ने बारीकी से निरीक्षण किया और आगंतुकों को सरल भाषा में जानकारी देने के निर्देश दिए।











लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना और रेणु कुमारी को सम्मानित किया गया। रेणु कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के विरुद्ध 193 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसके अतिरिक्त जिला समन्वयक रामप्रकाश कुमार सिन्हा और महिला पर्यवेक्षिका अंजलि कुमारी को भी उनके विशिष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया।समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इनमें राजस्व कार्यों के लिए सवीना खातून और शिव शंकर कुमार को उनके सराहनीय योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं, महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के



सामाजिक कल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत बिल्टु चौधरी, रिंकी कुमारी, धर्मवीर जमादार और कारू रविदास सहित कुल 19 लाभार्थियों को एक–एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। इसी प्रकार अंतरजातीय विवाह योजना के अंतर्गत सोनी कुमारी, स्वेता कुमारी और काजल कुमारी को भी एक–एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से रहुई प्रखंड के सरीला देवी, ममता देवी, दीपक कुमार, सिंटू कुमार, ब्रजेश चौधरी और विजय रविदास को माननीय सांसद एवं विधायक के हाथों बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में आम नागरिक, छात्र–छात्राएं और जिला प्रशासन के सभी आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस पर प्रभात फेरी व प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन, 400 बच्चों ने लिया हिस्सा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के कुशल मार्गदर्शन में सोगरा उच्च विद्यालय से श्रम कल्याण केंद्र तक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस प्रभात फेरी का नेतृत्व जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) आनंद शंकर तथा जिला कार्यक्रम पदाधिक. ारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिहारशरीफ अंशु कुमारी ने किया। प्रभात फेरी में करीब 400 छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने शिक्षकों एवं कर्मियों को बच्चों की सुरक्षा और देखभाल को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं यातायात नियमों का पालन करते हुए बच्चों के साथ श्रम कल्याण केंद्र तक पहुंचकर जलपान की व्यवस्था कराई तथा आवश्यक दिशा–निर्देश देकर सभी को विदा किया। इस अवसर पर आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर, सोगरा उच्च विद्यालय, नालंदा कॉलेजिएट, एसएस बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित कई विद्यालयों के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने सक्रिय भ. ागीदारी निभाई। सहयोगी शिक्षकों में अजय कुमार, मास्टर ट्रेनर प्रशांत प्रियदर्शी, मनीष कुमार, अभिनव कुमार, डॉ. प्रभाकर सिन्हा एवं अविनाश चंद्र प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्रभात फेरी के उपरांत नालंदा कॉलेजिएट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अजय कुमार, डॉ. प्रभाकर सिन्हा एवं कुमार अमिताभ शामिल रहे। वहीं चित्रकला, रंगोली, क्विज एवं गणित ओलंपियाड के निर्णायक मंडल में संगीता कुमारी, विद्यानंद, प्रेम शंकर, अविनाश चंद्र, मनीष कुमार, इरशाद आलम, अभिनव कुमार एवं प्रशांत प्रियदर्शी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने किया।




कार्यक्रम के अंत में डीपीओ (स्थापना) आनंद शंकर, एडीपीसी श्यामनंदन झा, मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार एवं शिशिर सिन्हा द्वारा सफल प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी छात्रों एवं सहयोगी शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्सा. हवर्धन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सुरभि कुमारी (मध्य विद्यालय नेपुरा, अस्थावां) ने प्रथम, निशु कुमारी (कस्तूरबा गांधी विद्यालय, बिहारशरीफ) ने द्वितीय तथा ज्योति कुमारी (मध्य विद्यालय चा. रसूआ, गिरियक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में तान्या कुमारी (एसएस बालिका विद्यालय, बिहारशरीफ) प्रथम, नमन कुमार (उच्च विद्यालय बारीडीह, इस्लामपुर) द्वितीय तथा अर्णव कुमार (बिहार टाउन हाई स्कूल) तृतीय स्थान पर रहे। समग्र शिक्षा अभियान के संजय कुमार एवं ज्योति प्रभा ने भी सफल छात्रों के साथ–साथ सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में छात्रों का उत्साह और सहभागिता सराहनीय रही।





# बस्ती गांव में अखंड कीर्तन को लेकर 501 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई कलश शोभा यात्रा

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** छठ पूजा के पावन अवसर पर हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र के बस्ती गांव में उत्साह पूर्ण माहौल के बीच भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। जो आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। कलश शोभा यात्रा के दौरान मौजूद बस्ती गांव निवासी सह नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से बस्ती गांव के वार्ड संख्या आठ में स्थित देवी स्थान मंदिर के परागण में नवनिर्मित मंडप का निर्माण कर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन के एक दिन पूर्व रविवार को 501 महिला श्रद्धालु एवं कन्याकुमारी के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश में जल भरने के लिए सभी श्रद्धालु सुरक्षित वाहन के द्वारा बख्तियारपुर स्थित गयासपुर गंगा घाट पहुंचा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश को लेकर कल्याण बीघा मोड़ पर पहुंचा वहां से माथे पर कलश को लेकर ढोल नगाड़े के साथ पैदल चलते हुए पूरा बस्ती गांव में भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर में पहुंचा। जहां परंपरागत तरीके से कलश को विद्वत स्थापित किया गया। इस दौरान जय मां दुर्गा, जय श्री राम,राधे कृष्णा एवं जय माता दी के जय घोष से माहौल भक्ति मय हो गया। धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह एवं हरनौत व्यापार मंडल अध्यक्ष सह बस्ती पैक्स अध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर यह भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गुड्डू कुमार, मनीष कुमार, राहुल कुमार, विनोद पांडे, अंकित कुमार,सोनू कुमार,विष्णु कांत ,अजीत ,सतीश ,चंदन समेत समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग है।जहां पंडितों के द्वारा विधि विधान से मंत्र जाप करने के बाद कलश में जल भर गया।

# छठ पूजा को लेकर माधोपुर सबनाहुआ छठ घाट पर की गई साफ सफाई उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने छठ घाट का किया निरीक्षण

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा रविवार को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया। व्रतियों ने सुबह स्नान कर शुद्धता के कद्दू भात तैयार किया। और विधि विधान से लौकी भात ग्रहण करने के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित माधोपुर सबनाहुआ छठ घाट पर नगर पंचायत के द्वारा साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। घाटों की जायजा लेने के लिए उपमुख पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने रविवार को माधोपुर सबनाहुआ छठ घाट पहुंचकर धातु की साफ सफाई का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के सफाई कर्मी के द्वारा घाटों की साफ सफाई पूरा कर लिया गया है। मोटर पंप से नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्तिक माह में होने वाले छठ पूजा की अपेक्षा में चौती छठ पूजा हरनौत में कम होती है। वही कार्यपालक पदाधिकारी सौरव सुमन ने बताया कि छठ घाट पर साफ सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। घाट पर बेरी कटिंग एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। छठ व्रतियों के लिए आवश्यकता के अनुसार चेंजिंग रूम बनाया जाएगा।

# मलमास मेला – 55 दिन शेष, सूख रही है कुंड की धार, 17 मई से शुरू होगा मलमास मेला

## 22 कुंड 52 धारा में नहीं कर पायेंगे इस बार श्रद्धालु स्नान, पानी रही है सूख मलमास मेला में तैंतीस कोटि देवी–देवता रहते हैं राजगीर में विराजमान

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** प्रसिद्ध धामिर्क मलमास मेला में अब महज 55 दिन ही शेष बचे हैं। इसके बाद भी अब तक न तो मेला का डाक हुआ है और न इसको लेकर अभी तक कुंडों की पानी की स्थिति में सुधार किया गया है। इस मलमास मेला को पुरुषोत्तम मास(अधिकमास) भी कहा जाता है जो ढाई से तीन साल पर लगता है। स्थिति यह है कि इस बार अभी से ही प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल के गर्म कुंड की धाराएं बंद हो रही है। कुछ कुंडों की धारा तो पूरी तरह से थम गई है तो कुछ की बूंद–बूंद ही टपक रही है। ऐसे में इस बार मलमास मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालु कैसे स्नान करेंगे यह सबसे बड़ी समस्या दिख रही है। इसके लिए अभी तक प्रशासनिक स्तर पर कोई खास पहल होती नहीं दिख रही है। मौजूदा समय में गंगा–यमुना, अनंत ऋषि, राम–लक्ष्मण व व्यास कुंड की धार पूरी तरह से बंद हो चुकी है तो मार्कण्डेय कुंड की धार भी दम तोड़ती नजर आ रही है। ऐसे में आने वाले श्रद्धालु इस बार यहां के 22 कुंड व 52 धारा का लाभ नहीं उठा पायेंगे। इसके अलावा पहला स्नान वाले स्थल सरस्वती कुंड की हाल ऐसी है कि वहां पर शीतल जल का अभाव है। कुछ ऐसा ही हाल वैतरणी नदी घाट का भी है।

**17 मई से शुरू होगा मलमास मेला**

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सह पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय जी बताते हैं कि 17 मई से शुरू होने वाले सनातन धर्म के इस मलमास मेले में तैंतीस कोटि देवी–देवता राजगीर में ही विराजमान होते हैं। इस कारण बहुत बड़े शुभ कार्य इस मेले की अवधि के समय में नहीं होते हैं।शुभ कार्यो को अशुभ माना जाता है। वहीं मेले में कुंडों में स्नान का काफी महत्व होता है। लोग लाखों की संख्या में देश व विदेश से यहां पर कुंड स्नान करने आते हैं।




साथ ही वैतरणी नदी के पास श्रद्धालु लोग पिंड दान भी करते हैं। इस मेले के दौरान गाय की पूंछ को पकड़कर वैतरणी नदी को पार करना काफी शुभ माना जाता है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि 17 मई को मेले का ध्वाजारोहण किया जायेगा। इस दिन पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञशाला में ध्वजारोहण किया जायेगा। 15 जून तक मेला चलेगा। राजगीर तपो भूमि रही है। हमारी संस्कृति विश्व की जननी रही है।

**मेला के दौरान सरस्वती व वैतरणी नदी घाट पर होती है आरती**

मेला के दौरान सरस्वती व वैतरणी नदी घाट पर गंगा आरती के तर्ज पर यहां भी आरती का आयोजन किया जाता है। इस दौरान आने वाले श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं। इस बार सरस्वती नदी घाट में अब तक शीतल जल की व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं वैतरणी नदी घाट में तो अब पानी की धार ही बंद हो गई। पहले जिस नदी घाट में सोई फूटती थी और पानी बल–बल कर निकलते रहता था, अब स्थिर हो गई।

**मेला में आने वाले सिंगल श्रद्धालु के सामान रखने की हो व्यवस्था**

मलमास मेला के समय लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। कुछ श्रद्धालु ऐसे भी होते हैं जो अकेले बैग लेकर मेला में स्नान की मंशा लिए चले आते हैं। प्रशासन के द्वारा ऐसे श्रद्धालुओं के बैग रखने की कोई व्यवस्था नहीं हो पाती है। इससे उनको काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार तो उनका बैग भूल जाता है और वे परेशान होकर यहां से निराश होकर वापस लौट जाते हैं। लोगों का मानना है कि इस बार प्रशासन कुछ ऐसा करे कि सिंगल आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी अलग से बैग व चप्पल रखने की व्यवस्था कराये।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# एनएच-20 पर दर्दनाक हादसा- अज्ञात वाहन की टक्कर से 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट (नालंदा)।** नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–20 (बख्तियारपुर–रजौली फोरलेन) पर शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना माधो बिगहा और आमीपुर गांव के बीच की है, जहां तेज रफ्तार अज्ञात हाइड्रा वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान माधो बिगहा निवासी स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद यादव के 51 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वे शनिवार शाम करीब 5रू30 बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर, आमीपुर गांव के पास नवादा की ओर जाते समय एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन (संभवतः हाइड्रा) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल उपेंद्र कुमार को तुरंत नवादा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज (टप्डै) रेफर कर दिया।



मृतक के भाई पप्पू कुमार यादव के अनुसार, अस्पताल ले जाने के दौरान ही उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई। पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंचने के कुछ ही मिनट बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने शव को अपने कब्जे में लेकर पा. ेस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि परिजनों से आवेदन प्राप्त होने पर जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला संबंधित थाना (मुफस्सिल थाना, नवादा) को स्थानांतरित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सूने घर में लाखों की चोरी, 200 ग्राम सोना समेत नकदी और कागजात ले उड़े चोर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट सिलाव(नालंदा)** । नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरौटी टोला, इंदरपुर गांव में बेखौफ चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित अंजनी कुमार विद्यार्थी जब सपरि. रवार देवघर (झारखंड) से वापस लौटे, तो घर की हालत देखकर स्तब्ध रह गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंजनी कुमार विद्यार्थी 16 मार्च को अपनी पत्नी के इलाज के लिए घर में ताला बंद कर देवघर गए हुए थे। उन्होंने जाने से पहले घर की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा था और पड़ोसियों को भी इसकी जानकारी दी थी। लेकिन उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने पर स्थिति और भी भयावह थी। चोरों ने घर के सभी कमरों, बक्सों और गोदरेज के ताले तोड़ दिए थे। पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था।पीड़ित के अनुसार, चोर लगभग 200 ग्राम सोना (जिसकी बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी जा रही है), 16,000 रुपये नकद तथा जमीन, मकान और वाहन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर ले गए हैं। घटना के बाद अंजनी कुमार विद्यार्थी ने दीपनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पड़ोस के कुछ लोगों पर संदेह जताते हुए कहा कि बिना किसी स्थानीय सहयोग के इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं है। उनका आरोप है कि किसी करीबी या पड़ोसी की मिलीभगत से ही इस वारदात को अंजाम दिया गया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# हिलसा में पोकलेन ऑपरेटर की गोली मारकर हत्या, अपराधियों का बढ़ा दुस्साहस

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए रिंग रोड (बाईपास) स्थित त्रिलोकी विगहा के पास निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन ऑपरेटर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान झारखंड के चतरा जिला निवासी 30 वर्षीय कुलदीप यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार शाम करीब 7:00 से 7:15 बजे के बीच की है। कुलदीप यादव पिछले 6–7 महीनों से बेगूसराय की 'हरी कंस्ट्रक्शन' कंपनी में पो. कलेन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। वह हाल ही में होली की छुट्टी बिताकर अपने गांव से वापस काम पर लौटा था। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, कुछ अपराधी अचानक निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां मौजूद साइट इंजीनियर पर पिस्टल तान दी। हालांकि, उन्होंने इंजीनियर को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि सीधे कुलदीप यादव को निशाना बनाते हुए उसके सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के जीजा उपेंद्र यादव, जो उसी कंपनी में कार्यरत हैं, ने बताया कि कुलदीप परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी, एक वर्ष की बेटी और वृद्ध माता–पिता हैं। परिजनों ने प्रशासन और कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की है ताकि परिवार का भरण–पोषण हो सके।





उपेन्द्र यादव ने बताया कि अपराधी अचानक आए और बिना किसी स्पष्ट कारण के गोली मारकर फरार हो गए। उन्होंने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा डीएसपी (वन) शैलजा सहित स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पास के गांव में दो पक्षों के बीच किसी विवाद को लेकर झड़प हुई थी। आशंका है कि उसी मामले में पूछताछ करने पहुंचे अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है।

# हिलसा में 12 घंटे के भीतर दो बड़ी वारदातें, एक की मौत, प्रॉपर्टी डीलर गंभीर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट सिलाव(नालंदा)** । नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र में अपराधियों का दुस्साहस बढ़ता नजर आ रहा है। बीते 12 घंटों के भीतर हुई दो अलग–अलग गोलीबारी की घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी है। इन घटनाओं में एक पो. कलेन ऑपरेटर की मौत हो गई, जबकि मॉर्निंग वॉक पर निकले एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी गई, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। रविवार सुबह की घटना में हिलसा थाना क्षेत्र के बेलवा बाग निवासी नंदलाल यादव के 35 वर्षीय पुत्र भूषण यादव, जो पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं, पश्चिमी बाईपास पर टहलने निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वे गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े। घटना के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। स्थानीय ला. ेगों की मदद से घायल भूषण यादव को तुरंत हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, इससे पहले शनिवार शाम को रिंग रोड बाईपास निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन ऑपरेटर की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान झारखंड के चतरा जिले के निवासी कुलदीप यादव के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस अब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है और हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इधर, हिलसा थाना के अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है। घायल भूषण यादव का बयान लेने के लिए पुलिस टीम पटना पहुंचने का प्रयास कर रही है। प्रारंभिक जांच में मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि लिखित आवेदन और बयान मिलने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। फिलहाल उनका इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# राष्ट्रीय डेफ स्पोर्ट्स चौंपियनशिप में नालंदा के धीरज कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट (नालंदा)** । गुजरात के अहमदाबाद स्थित गुजरात यूनिव. र्सिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित '10वीं राष्ट्रीय डेफ सब–जूनियर एवं जूनियर तथा 27वीं राष्ट्रीय डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 2025–26' में नालंदा जिले के खिलाड़ी धीरज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। रहुई प्रखंड के एकबालगंज गांव निवासी धीरज कुमार ने अंडर–14 आयु वर्ग की 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर बिहार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है।धीरज कुमार की इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, संघर्ष और खेल के प्रति समर्पण की अहम भूमिका रही है। जानक. ारी के अनुसार, 'नालंदा जोश खेल क्लब', रहुई के सचिव प्रमोद कुमार ने उनकी प्रतिभा को पह. चानते हुए उनके अभिभावकों को खेल के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया। इसके बाद धीरज ने 'नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी', हरनौत में सचिव सह मुख्य कोच कुंदन कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास शुरू किया। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी दिव्यांगता को कभी बाधा नहीं बनने दिया और लगातार मेहनत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया।धीरज कुमार का चयन बिहार बधिर क्रीड़ा परिषद के माध्यम से हुआ था, जिसके तहत वे 18 मार्च को पटना जंक्शन से अहमदाबाद के लिए रवाना हुए थे। 20 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें धीरज ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।उनकी इस उपलब्धि पर रहुई नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद अनिल कुमार पाण्डेय, कोच कुंदन कुमार पाण्डेय, प्रमोद कुमार, रवि कुमार, सत्यनाम कबीर, पप्पू कुमार और सौम्या सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। सभी ने कहा कि धीरज की यह सफलता यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार शरीफ एवं नालंदा जोश खेल क्लब के पदाधिकारियों ने भी धीरज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि जिले के अन्य दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। धीरज की सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल उन्हें सही दिशा और अवसर देने की।

# रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, १५० से अधिक लोगों को मिला लाभ

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट (नालंदा)** । भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान जांच कराने आए लोगों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। संस्था द्वारा जानकारी दी गई कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाता रहेगा।शिविर में कुल 150 से अधिक लोगों की जांच की गई। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 35 मरीजों का उपचार किया, जबकि हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार ने 35, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 40 तथा फिजिशियन डॉ. दीनानाथ वर्मा और डॉ. उमेश कुमार सिन्हा ने लगभग 60 मरीजों को परामर्श दिया। इसके अलावा डॉ. रवि कुमार ने 15, डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 17 मरीजों का इलाज किया। वहीं, लगभग 40 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) की जांच भी की गई।




शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों की महत्वपूर्ण भू. मिका रही। संस्था के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार सहित आजीवन सदस्य बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, प्रमोद पंडित, प्रो. स्वधर्म कुमार, नागेंद्र कुमार, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, चंद्रमणि प्रसाद, एएनएम मुस्कान कुमारी, कुणाल गौरव और संजय कुमार ने सक्रिय सहयोग दिया। सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में योगदान दिया। उपस्थित लोगों ने सभी कार्यकर्ताओं की सेवा भावना और समर्पण की सराहना करते हुए इसे शिविर की सफलता का आधार बताया।



# नेपुरा गांव में मासिक धर्म जागरूकता शिविर, 230 बच्चियों को वितरित किए गए सेनेटरी पैड

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** सिलाव प्रखंड के नेपुरा गांव में रविवार को सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक सराहनीय पहल देखने को मिला, जहां किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मासिक धर्म जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 230 बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम एसओएस चिल्ड्रन्स विलेजेज इंडिया, एचपीई और एसओएस बालग्राम भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने भाग लेते हुए किशोरियों को मासिक धर्म, प्रजनन स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अपने संबोधन में अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इसके प्रति जागरूकता की कमी है। उन्होंने बताया कि सिलाव प्रखंड के लिए 2500, बिंद प्रखंड के लिए 2500 और नूरसराय प्रखंड के लिए 7000 सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी बच्चियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हर संभव सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम में मौजूद ट्रेनर डॉ. अल्पना कुमारी ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।




उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण, हैंड हाइजीन और मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।शिविर के दौरान किशोरियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी जिज्ञासाओं को खुलकर साझा किया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि युवाओं को सही दिशा और आवश्यक जानकारी मिल सके। बताया गया कि यह संस्थान विश्व के 166 स्थानों और भारत के 28 स्थानों पर कार्य कर रहा है तथा नालंदा जिले में भी विभिन्न क्षेत्रों में बच्चियों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट इंचार्ज सुदीप्तो पॉल, डॉ. अल्पना कुमारी, निशि कुमारी, ममता कुमारी, रेणु कुमारी, संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक न्याय की मांगों को लेकर 8 अप्रैल को बिहारशरीफ में होगा धरना–प्रदर्शन

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** रविवार को स्थानीय भरावपर स्थित एक सभागार में भारतीय सामाजिक न्याय संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप मंडल ने की। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर विचार–विमर्श किया गया, जिनमें यूजीसी कानून 2026 को लागू करना, देशभर में जातिगत जनगणना कराना, न्यायपालिका में कॉलेजियम सिस्टम समाप्त करना, आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू करना, गरीब परिवारों को 5 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराना, समान शिक्षा प्रणाली लागू करना, प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार समाप्त करना तथा निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने की मांग प्रमुख रही। इन मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने आगामी 8 अप्रैल को बिहार शरीफ के अस्पताल चौराहा पर धरना–प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप मंडल ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी लोग एकजुट होकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से लड़ें। उन्होंने कहा कि आजादी के करीब 80 वर्ष बीत जाने के बावजूद सामाजिक न्याय अब भी अधूरा सपना बना हुआ है। देश के अधिकांश संस्थानों और संसाधनों पर आज भी कुछ चुनिंदा लोगों का ही वर्चस्व बना हुआ है। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष ई. टीपू, रमेश पासवान, इमरान खान, मो. अब्दुल्ला, कल्याण जी, सत्येंद्र जमादार, अनिल पटेल, जगदेव दास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो बाइक के बीच हुई टक्कर, दो लोग हुए जख्मी इमरजेंसी की सूचना पर पहुंची डॉयल 112 के बाईक

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** नेशनल हाईवे 30ए पर एक तेज रफ्तार दो चक्का वाहन ने पीछे से एक बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दो लोग ज़ख्मी हो गया।घटना रविवार के दोपहर करिब एक बजे के चंडी थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव के आसपास कि है। वही ज़ख्मी में शामिल बाईक चालक पेनीपुर के अनिरूध पासवान के पुत्र शिशुपाल कुमार ने बताया की गांव के हीं चचेरी बहन,मां तथा हम हरनौत तरफ़ से चंडी की ओर एक ही बाईक पर सवार हो जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार बाईक (बीआर 21 एडी 6567)आया और पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें हमें थोड़ा चोट लगा ।मगर मेरी मां सोनिया देवी तथा चचेरी बहन को ज्यादा चोट आई। जिसे आनन–फानन में इलाज के लिए हरनौत भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाला बाईक पर तीन युवक सवार थे जो दुर्घटना के बाद जुता समेत अन्य समान को छोड़कर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी गई । जिसमें इमरजेंसी में डॉयल 112 के बाईक पर सवार दो पुलिस घटना स्थल पर पहुंची थी। जिसमें एएसआइ प्रफुल्ल कुमार एवं मुन्ना कुमार शामिल थे। जो घटनाक्रम के बारे में पूछताछ कि एवं विभिन्न सलाह देकर चलते बने।

# बिहारशरीफ में प्रेम प्रवाहिनी रथ का भव्य स्वागत, साईं भक्तों में दिखा अपार उत्साह

**केशववाणी विनय शंकर की रिपोर्ट (नालंदा)।** भगवान सत्य साईं बाबा के संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकला 'प्रेम प्रवाहिनी रथ' शनिवार को बिहारशरीफ पहुंचा, जहां साईं भक्तों ने इसका भव्य स्वागत किया। श्री सत्य साईं सेवा संगठन की नालंदा जिला इकाई के तत्वावधान में स्थानीय छोटी पहाड़ी स्थित कुशवाहा धर्मशाला में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान साईं भक्तों ने रथ की पूजा–अर्चना कर श्रद्धा प्रकट की। संगठन के जिलाध्यक्ष वृंजय कुमार उर्फ मनीष ने बताया कि यह रथ यात्रा भगवान सत्य साईं बाबा के दिव्य जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में निकाली गई है। इसका उद्देश्य उनके प्रेम, सेवा और मानवता के संदेशों को देश के कोने–कोने तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर में कुल पांच रथ भ्रमण कर रहे हैं। यह यात्रा 1 अक्टूबर 2025 को राजस्थान से शुरू हुई थी, जो अररिया, सुपौल, छपरा, बेगूसराय और जमुई होते हुए नालंदा पहुंची। यह रथ देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 600 जिलों में करीब 2 लाख किलोमीटर की यात्रा पूरी करते हुए 23 नवंबर 2026 को प्रशांति निलयम, पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश) वापस पहुंचेगा।




इस अवसर पर संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष राय शिवेंद्र बहादुर उर्फ शुकुलजी, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नाथ विश्वास, यूथ प्रभारी दानिश कुमार सहित साईं भक्त स्वर्णलता सिन्हा, वीरेश कुमार, प्रमिला देवी, बिनोद कुमार, आदर्श राज, गुड्डू कुमार, अनुग्रह प्रसाद, आभा सिन्हा, शंभू प्रसाद, नवीन कुमार मिश्रा, पूनम सिन्हा, रमेश कुमार, निर्मला सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद यह रथ शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सोहसराय स्थित साईं मंदिर पहुंचा, जहां भक्तों ने एक बार फिर उत्साह और श्रद्धा के साथ इसका स्वागत किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, जांच तेज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट (नालंदा)।** वेना थाना क्षेत्र के कचरा गांव में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 मार्च 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे वेना थाना को घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया और महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़िता का फर्दबयान दर्ज किया।पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाया, जहां विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म जांच की गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर–02 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पीड़िता के बयान के आधार पर चंडी (वेना) थाना कांड संख्या 222/26 दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि क्षेत्र में विधि–व्यवस्था की स्थिति सामान्य है तथा पूरे मामले पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# छठ को लेकर सूर्यकुंड परिसर की हुई सफाई

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। रविवार को नगर परिषद राजगीर द्वारा सूर्यकुंड परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सोमवार को यहां से श्रद्धालु खरना का प्रसाद बनाने के लिए पावन जल ले जायेंगे। वहीं कुंड में 24 मार्च शाम व 25 मार्च की सुबह में व्रति अर्घ्य देंगी। नहाय खाय के दिन सूर्यकुंड परिसर के सफाई हुई। नप के कर्मियों में सुपरवाईजर कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी के नेतृत्व में सफाई कर्मी जुटे दिखे।



# निजी विद्यालयों की समस्याओं पर मंथन, सत्रांत सभा 29 मार्च को टाउन हॉल में होगी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट (नालंदा)।** भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ की जिला शाखा नालंदा की प्रतिनिधि सभा संपन्न हुई, जिसमें जिलेभर के निजी विद्यालयों से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। सभा की शुरुआत राष्ट्रीय नववर्ष शाके 1948 शालिवाहन एवं बिहार दिवस की शुभकामनाओं के साथ की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 29 मार्च 2026 को कर्पूरी भवन (टाउन हॉल), बिहार शरीफ में संगठन की सत्रांत सभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान निजी विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन ने जिला शिक्षा विभाग से मांग की कि सभी प्रस्वीकृत विद्यालयों का शीघ्र नवीनीकरण किया जाए तथा जिन विद्यालयों को अब तक यू–डायस (यूडायस) कोड प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें अविलंब उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही ज्ञानदीप योजना के तहत नामांकित एवं निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की लंबित प्रतिपूर्ति राशि को अद्यतन रूप से भुगतान करने की भी मांग उठाई गई। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि जिला शिक्षा विभाग के पास प्रस्वीकृत निजी विद्यालयों की अद्यतन सूची उपलब्ध नहीं है। सूचना के आदान–प्रदान के लिए बनाए गए पांच व्हाट्सएप ग्रुपों में से चार को समाप्त कर एक सुसंगठित एवं अद्यतन ग्रुप बनाने की आवश्यकता जताई गई। प्रतिनिधियों ने यह भी चिंता व्यक्त की कि विभाग के पास इस बात का स्पष्ट आंकड़ा नहीं है कि कोरोना काल के दौरान कितने विद्यालय बंद हो गए और कितने अब भी बिना यू–डायस के संचालित हो रहे हैं। साथ ही, बिना प्रस्वीकृति संचालित विद्यालयों की




भी कोई स्पष्ट सूची नहीं होने के कारण छात्रों के नामांकन, पेन नंबर एवं टीसी से जुड़ी समस्याएं लगातार बनी रहती हैं। यू–डायस पोर्टल में कक्षा प्रथम से ऊपर के विद्यार्थियों का डेटा अपडेट करने में निजी विद्यालयों को आने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस कार्य के लिए बार–बार प्रखंड शिक्षा कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, प्रतिपूर्ति राशि की जांच प्रक्रिया में हो रही देरी पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। बताया गया कि अब तक मात्र 167 विद्यालयों की ही जांच पूरी हो सकी है। वहीं, प्रस्वीकृति नवीनीकरण की जांच में भी एकरूपता का अभाव देखा गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि जिला स्तर से स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। सभा में जन्म निबंधन प्रणाली की धीमी गति पर भी चिंता जताई गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में अभिभावकों को बार–बार नए नियमों का सामना करना पड़ता है, जिससे आधार में जन्मतिथि सुधार में भी कठिनाई होती है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले के सभी निजी विद्यालयों को एकजुट कर एक मजबूत नेटवर्क बनाया जाएगा, ताकि ट्यूशन फीस के नुकसान को रोका जा सके और बिना टीसी के सरकारी विद्यालयों में नामांकन पर रोक लग सके। सभा को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, जिलाध्यक्ष मो. जाहिद, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। अंत में संगठन की संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती ने धन्यवाद ज्ञापन किया और बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

